I/457841/2023

संख्या-पी-294/81-2-2023-800(283)/2023

**प्रेषक,**

दिनेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

प्रधान मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।

**पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक** 28 **दिसम्बर 2023**

**विषय-** जनपद सोनभद्र के अन्तर्गत ओबरा वन प्रभाग में पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा स्वीकृत पैकेज संख्या-यू0पी0 67145 के मार्ग चोपन महलपुर रोड से परसोई वाया खेवन्धा चकारी ओबरा डैम सम्पर्क मार्ग में प्रभावित 15.567 हे0 आरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग एवं बाधक 34 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या-एफपी/यूपी/रोड/117639/2021)

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-1420/11-सी-एफपी/यूपी/रोड/117639/2021 दिनांक 08.12.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- प्रश्नगत परियोजना में कुल 15.567 हे0 वनभूमि (2.020 हे0 पूर्ण रूप से वन क्षेत्र से आच्छादित तथा 13.547 हे0 धारा-4 से प्रभावित वनभूमि) के गैरवानिकी प्रयोग तथा 34 वृक्षों के पातन का मामला निहित है। इससे वनभूमि के डायवर्जन से वन, वन्यजीव और पर्यावरण पर पडने वाले प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों के सम्बन्ध में कोई रिपोर्ट प्रस्ताव के साथ संलग्न नहीं है। इससे प्रस्ताव की Healthiness पर प्रभाव तो नहीं पड़ रहा है ?

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्तानुसार आख्या/अभिलेख शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि मामलें में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

भवदीय,

Digitally Signed by दिनेश कुमार सिंह
Date: 28-12-2023 13:45:13
Reason: Approved

(दिनेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

**कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

**पत्रांक–** 1620 **/11–सी– FP/UP/Road/117639/2021, लखनऊ, दिनांकः दिसम्बर** 29 **,2023**

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आपत्ति का निराकरण कर वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख ऑनलाइन अपलोड कर इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, ओबरा वन प्रभाग, ओबरा को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आपत्ति का निराकरण कर वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– अधिशासी अभियन्ता, पी0एम0जी0एस0वाई0 खण्ड, लो0नि0वि0, सोनभद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनुपम गुप्ता)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।


Scanned with OKEN Scanner